>

Title: Need to open a post office in Tariyani Block of Sheohar district in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्रांतर्गत शिवहर जिले का तरियानी प्रखंड 16 पंचायतों वाला जिले का सबसे बड़ा प्रखंड है। फिर भी आज तक तरियानी प्रखंड मुख्यालय में डाकघर की स्थापना नहीं हुई। जिस कारण तरियानी प्रखंड के 8 पंचायतों के नागरिकों को डाकघर में बचत बैंक एवं डाक संबंधी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है जबकि नियमों के अनुसार एवं जनसंख्या के आधार पर डाक घर खोलने की सारी औपचारिकताएं यहां पर पूरी हो रही है। इस प्रखंड के 8 पंचायत के लोगों को लगभग 8 किमी. की दूरी पर पड़ोस के मुजफ्तफरपुर जिला के मीनापुर डाकघर जाना पड़ता है। यहीं नहीं उक्त प्रखंड के 8 पंचायतों के बी.पी.एल. परिवारों को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु उसी मीनापुर डाकघर में पासबुक खोलने हेतु जाना पड़ता है एवं काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, यह भी मुझे अवगत कराया जाए कि किन कारणों से अभी तक तरियानी प्रखंड मुख्यालय में डाकघर नहीं खोला गया।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहती हूं कि तरियानी प्रखंड मुख्यालय में एक डाकघर की स्थापना की जाए जिससे कि उक्त प्रखंड के 8 पंचायतों के नागरिकों को डाकघर की सभी सुविधाएं मिल सकें।